भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र)
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाष: 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
REGIONAL OFFICE (NORTH CENTRAL ZONE)
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

फाईल संख्या: 8बी./यू.सी.पी./06/125/2015/एफ.सी./1856 दिनांक: 19/11/2019

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय:– जनपद – अल्मोड़ा में चितई पंत से हरिदत्त पेटशाली इण्टर कॉलेज मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.43875 है0 वन भूमि का लोक निर्माण को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/ROAD/9220/2015)

सन्दर्भ:–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक – 1178/FP/UK/ ROAD/9220/2014 दिनांक 30-10-2019

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरान्त मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के पत्र दिनांक 30/09/2019 द्वारा प्रस्ताव पर वांछित सूचनायें चाही गई थी जिसकी बिन्दुवार अनुपालन आख्या राज्य सरकार द्वारा निम्नानुसार प्रेषित की गई है:

1. बिन्दु संख्या 01 के प्रतिउत्तर में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित मोटर मार्ग का 'start' एवम् 'end' point दिखाए बिना नया digital map तथा SOI toposheet map अपलोड किया गया है जिसकी shape KML file से भिन्न है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि digital map change करने का कारण स्पष्ट करें तथा सही digital map तथा toposheet upload करें जिसमें start एवं end points दिखाए गए हो तथा उसकी और KML file की shape समान हो।
2. बिन्दु संख्या 02 के प्रतिउत्तर में राज्य सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्रमों एवम् उल्लेखित कॉलेज की स्थिति KML file पर अंकित कर दी गई है परन्तु KML file पर स्थिति अभी भी अंकित नहीं पाई गई है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि ग्रमों एवम् उल्लेखित कॉलेज की स्थिति KML file पर अंकित कर para C (ii) (b), Part I पर upload करना सुनिश्चित करें।
3. बिन्दु संख्या 03 तथा 04 के प्रतिउत्तर में नया डिजिटल मानचित्र अपलोड कर दिया गया है जिसमें प्रस्तावित मोटर मार्ग की shape समान है परन्तु geo-coordinates 69 से कम कर 28 कर दिये है तथा अवगत कराया है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग का डिजिटल मानचित्र 0 से 28 points तक ही है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि बिन्दु संख्या 03 तथा 04 का सही जवाब पुराने digital map के परिपेक्षप में प्रस्तुत करें।

4. बिन्दु संख्या 05 द्वारा राज्य सरकार से प्रस्ताव के औचित्य की मूल प्रति की मांग की गई थी परन्तु राज्य सरकार द्वारा अवगत कराया है कि सम्बन्धित जानकारी अपलोड कर दी गई है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रमाणित औचित्य की मूल प्रति इस कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।
5. बिन्दु संख्या 07 के जवाब में राज्य सरकार से प्रस्ताव की मूल प्रति की मांग की गई थी जिसके जवाब में अवगत कराया है कि मूल प्रति डाक द्वारा प्रेषित कर दी जाएगी। राज्य सरकार से इस कार्यालय के पत्र दिनांक 13/07/2015, 07/08/2018 एवं 30/09/2019 द्वारा मूल प्रति जमा कराने के लिए लिखा गया है परन्तु अभी तक मूल प्रति इस कार्यालय मे उपलब्ध नहीं कराई गई है।

अतः प्रस्ताव के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि राज्य सरकार द्वारा बिना प्रस्ताव का परीक्षण किये मात्र प्रयोक्ता एजेंसी के जवाब को अग्रेषित कर दिया गया है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस कार्यालय के पत्र दिनांक 30/09/2019 का सही जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यदि चाही गई सूचना पत्र जारी होने की तिथि के 60 दिनों के भीतर (अधिकतम 90 दिन) इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुयी तो प्रस्ताव को निरस्त किया जा सकता है।

भवदीय,

(सन्नी गोयल)
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अपर सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

(सन्नी गोयल)
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)